an>

Title: Need to build a new railway station between Thane and Mulund stations near Mental Hospital in Thane Parliamentary Constituency of Maharasthra.

श्री राजन विचारे (ठाणे) : अध्यक्ष महोदय, मैं इस सदन का ध्यान एक बड़े ही महत्वपूर्ण विÂ◌ाय की तरफ आकर्Âि◌ात करना चाहता हूं, जिसका संबंध मेरे संसदीय क्षेत्र ठाणे से है।...(व्यवधान) ठाणे स्टेशन का ऐतिहासिक महत्व है, क्योंकि यहां से देश की पहली ट्रेन चली थी।...(व्यवधान) ठाणे शहर की आबादी लगभग बीस लाख है एवं ठाणे रेलवे स्टेशन की गिनती देश के सबसे ज्यादा व्यस्त स्टेशनों में की जाती है।...(व्यवधान) इस स्टेशन से रोजाना साढ़े छः लाख यात्री आना-जाना करते हैं एवं ज्यादा भीड़ होने के कारण यात्रियों को काफी परेशानियां उठानी पड़ती हैं।...(व्यवधान) ठाणे एवं मुलुंड स्टेशनों के बीच नया विस्तारित रेलवे स्टेशन बन जाने से ठाणे स्टेशन का बोझ थोड़ा कम हो जाएगा।..(व्यवधान) माननीय रेल मंत्री सुरेश प्रभु जी ठाणे आए थे, तब उन्होंने इसके लिए अपनी सहमति भी दी थी।...(व्यवधान) महाराÂट्र सरकार के अधीन 18 एकड़ जमीन में से 10 एकड़ जमीन में मेंटल अस्पताल है।...(व्यवधान) नए विस्तारित स्टेशन को बनाने के लिए यदि राज्य सरकार बाकी बची जमीन दे तो इससे लाखों यात्रों को सहूलियत होगी।...(व्यवधान)

महोदय, मैं इस सदन के माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि कृपया करके मेंटल अस्पताल के पास जो अतिरिक्त खाली जमीन पड़ी है, उस पर ठाणे एवं मुलुंड स्टेशन के बीच एक नया विस्तारित रेलवे स्टेशन बनाए जाने का निर्देश दें।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : श्री श्रीरंग आप्पा बारणे, कुँवर पुÂपेन्द्र सिंह चन्देल एवं प्रो. रविन्द्र विश्वनाथ गायकवाड़ को श्री राजन विचारे द्वारा उठाए गए विÂ◌ाय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।